ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 15-06-2021

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-06-15 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-06-16	2021-06-17	2021-06-18	2021-06-19	2021-06-20
वर्षा (मिमी)	14.0	1.0	4.0	1.0	1.0
अधिकतम तापमान(से.)	40.0	40.0	39.0	39.0	39.0
न्यूनतम तापमान(से.)	31.0	30.0	28.0	26.0	25.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	62	63	57	48	51
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	25	39	35	26	27
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	28.0	22.0	16.0	23.0	29.0
पवन दिशा (डिग्री)	216	225	238	251	247
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	2	1	2	3

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले पांच दिनों में आसमान में आंशिक बादल छायें रहने के साथ वर्षा होने की सम्भावना है। अधिकतम तापमान 39.0 से 40.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 25.0 से 31.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहेगा।

सामान्य सलाहकार:

खेत का समतलीकरण करें व खेत के चारो तरफ मेड बन्दि करें। जिससे वर्षा का पानी खेत से बाहर ना जाएं।

लघु संदेश सलाहकार:

आने वाले दिनों में वर्षा की सम्भावना, किसान भाई फसलों पर किसी भी प्रकार का छिडकाव न करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
बाजरा	बाजरे की बुवाई का समय जून के मध्य से शुरू होता है। इसलिए, किसानों को सलाह दी जाती है कि वे संकर या उन्नत किस्मों के बीजों, उर्वरक और बीज उपचार हेतु रसायनों की व्यवस्था करें ।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मूँग	मूँग की बुवाई का उपयुक्त समय मध्य जून से मध्य जुलाई है अतः किसान भाई उन्नत किस्म के प्रमाणित बीज, खाद तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें।
भिण्डी	भिण्डी की बुवाई के लिए अपराजिता, शक्ति, अर्का अनामिका, वर्षा उपहार व परभनी क्रांति उन्नत किस्मों के बीजों की बुवाई करें। बुवाई हेतु 12 किलो बीज प्रति हैक्टेयर की दर से प्रयोग में लें। बुवाई के समय 30 किलो नत्रजन, 30 किलो फास्फोरस व 30 किलो पोटास प्रति हैक्टेयर की दर से दें।
टमाटर	टमाटर की फसल के लिए नर्सरी तैयार करें। पूसा रूबी, पूसा-120, अर्का विकास, सोनाली, पूसा हाइब्रिड-1 व पंत बहार किस्मों की बुवाई करें। बुवाई हेतु 400-500 ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए उपयुक्त है।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	वर्षा ऋतु से पहले पशुओं में गलघोंटू व लंगडा बुखार रोग के विरूद्ध टीकाकरण कराएं।